| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशीयल्स जज |
|---|---|

**न्यायालय संभागीय आयुक्त, बीकानेर**
**अपील संख्या– 173/2020 अंतर्गत धारा–76 एल.आर.एक्ट**

**अनवान:**

सतपाल सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह जाति जटसिख निवासी 6 पी.एस. तहसील रायसिंहनगर जिला श्रीगंगानगर।

**बनाम**

1 स्टेट ऑफ राजस्थान जरिये तहसीलदार (राजस्व), रायसिंहनगर।
2 बंतासिंह पुत्र गुरमेल सिंह जाति जटसिख अकवाम चक 6 पी.एस. तहसील रायसिंहनगर।
3 गुरसेवक सिंह पुत्र नायब सिंह जाति जटसिख अकवाम चक 6 पी.एस. तहसील रायसिंहनगर।
4 जगसीर सिंह पुत्र नायब सिंह जाति जटसिख अकवाम चक 6 पी.एस. तहसील रायसिंहनगर।
5 कुलवंत सिंह पुत्र गुरचरण सिंह जाति जटसिख अकवाम चक 6 पी.एस. तहसील रायसिंहनगर।
6 सुखविन्द्रसिंह पुत्र गुरचरण सिंह जाति जटसिख अकवाम चक 6 पी.एस. तहसील रायसिंहनगर।
7 अमृतपाल सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह जाति जटसिख अकवाम चक 6 पी.एस. तहसील रायसिंहनगर।
8 हरमेन्द्र सिं पुत्र तेजा सिंह जाति जटसिख अकवाम चक 6 पी.एस. तहसील रायसिंहनगर।
9 सरपंच ग्राम पंचायत 7 पी.एस. जरिये पंचायत समिति रायसिहनगर।

---

16.4.2021 आज यह पत्रावली सतपाल सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह जरिये अभिभाषक श्री सतपाल सिंह सहू के द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर पेशी में ली गई। अभिभाषक अपीलांट उपस्थित। अभिभाषक अपीलांट ने हमारे समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि उपरोक्त अनवान की अपील में दोनो पक्षकारों का आपस में समझौता हो जाने के कारण अपीलांट अपनी अपील आगे नहीं चलाना चाहता है एवं अपील को विड्रो करना चाहता है।

हमने अभिभाषक प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं पत्रावली का अवलोकन किया। यह अपील उपखण्ड अधिकारी रायसिंहनगर के निर्णय दिनांक 08.04.2017 जिसके द्वारा अपीलांट के नाम दर्ज नामान्तरण संख्या 379 दिनांक 21.05.2016 को खारिज किया गया, के विरूद्ध इस न्यायालय में विचाराधीन है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के अनुसार प्रार्थी इस अपील को आगे चलाना नहीं चाहते एवं विड्रा करना चाहते है। अतः यह अपील अपीलांट जरिये विड्रावल (withdrawal) इसी स्तर पर खारिज की जाती है। अधिनस्थ न्यायालय की पत्रावली मय आदेश की प्रति प्रेषित हो। अपील नंबर से कम होकर पत्रावली बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। आदेश सुनाया गया।

(हस्ताक्षर)
संभागीय आयुक्त
बीकानेर

E Nirnay 2020